हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

06 मिट्टी के सहारे खड़े किए जा रहे पोल, आंधी तूफान या...



09 अजनार जैसे गंदे और सूखे स्वरूप में पहुंचने लगी...





खाद के लिए कड़ाके की ठंड के बावजूद करीब 300 किसान सुबह 4 बजे से ही लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिए

## कहीं खाद की कतार तो कहीं प्याज की बेकद्री, हाड़ कंपाने वाली ठंड में किसानों को झेलनी पड़ रही दोगुनी मार !

मंडियों में प्याज की कीमतें इतनी गिर गई हैं कि किसानों को 40 पैसे प्रति किलो यानी 10 रुपए कट्टी (40 किलो) का भाव मिल रहा है। इस कीमत पर किसानों का भाड़ा तक नहीं निकल पा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर। जिले में किसानों की समस्याएं थमने का नाम नहीं ले रही है, जहां अब तक किसान खाद के लिए परेशान हो रहा था तो वहीं अब प्याज के दामों ने किसानों के आंसू निकाल दिए हैं। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र भैरुंदा व प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के इछावर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को किसानों की बेबसी के अलग-अलग मामले सामने आए। भैरुंदा में जहां खाद के लिए किसान अल सुबह से कतार में लगा नजर आया तो वहीं ग्राम चंदेरी में किसानों ने दो पहिया-चार पहिया वाहन चालकों को फ्री में प्याज बांटी।

बता दें राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के विधानसभा क्षेत्र इछावर के किसान पिछले तीन दिनों से प्याज के घटे दामों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मंडियों में प्याज की कीमतें इतनी गिर गई हैं कि किसानों को 40 पैसे प्रति किलो यानी 10 रुपए कट्टी (40 किलो) का भाव मिल रहा है। इस कीमत पर किसानों का भाड़ा तक नहीं निकल पा रहा है।

### भैरुंदा में खाद का संकट

वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र भैरुंदा में किसान रबी फसलों की बुवाई के समय खाद संकट से जूझ रहे हैं। क्षेत्र में पिछले चार महीनों से डीएपीए यूरिया और अन्य उर्वरकों का संकट बना हुआ है।

सोमवार सुबह मार्केटिंग सहकारी समिति के बाहर का नजारा किसानों की मजबूरी को दिखाता नजर आया। कड़ाके की ठंड के बावजूद करीब 300 किसान सुबह 4 बजे से ही लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिए। एक बोरी खाद के लिए किसानों को रात भर इंतजार करना पड़ रहा है।

### हाईवे पर फ्री में बांटी प्याज

आक्रोशित किसानों ने भोपाल-बिलकिसगंज हाईवे पर राहगीरों को रोक-रोककर अपनी प्याज मुफ्त में बांटनी शुरू कर दी। ग्राम चंदेरी के किसानों ने कहा कि फेंकने से अच्छा है कि यह प्याज आमजनों के काम आ जाए। किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने बताया कि कई किसान तो प्याज को मंडी में या गांव के बाहर नाले में फेंकने को मजबूर हो गए हैं, क्योंकि मेहनत, लागत और उम्मीद सब मिट्टी में मिल रही है।



## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला आज 700 पदों पर की जाएगी युवाओं की भर्ती

सीहोर। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रोजगार मेला मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेगे। इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये आवेदकों को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### कल मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस

सीहोर। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस सभी के लिए स्वास्थ्य के बिना कोई सम्मान, स्वतंत्रता और न्याय नहीं हो सकता 10 दिसंबर 2025 को मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 77वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। हर साल संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस दिन को मनाने की थीम की घोषणा की जाती है। इसका मतलब है कि स्वास्थ्य सभी लोगों के लिए एक मौलिक मानव अधिकार है। भारतीय संविधान के भाग 3 में मौलिक अधिकारों का उल्लेख किया गया है और राज्य के नीति निर्देशक तत्वों का उल्लेख भाग 4 में किया गया है। संभवतः संसार के किसी भी संविधान में मूल अधिकारों का इतना व्यापक और विशद वर्णन नहीं किया गया है। प्राचीन ग्रंथों से लेकर सम्राटों और बादशाहों ने मानवाधिकारों को किसी न किसी रूप में अपनाया। सबसे पहले 10 दिसंबर 1948 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकारों को अपनाने की घोषणा की। हर साल 10 दिसंबर का दिन दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

## अंडर-18 की डिस्ट्रीक टीम विदिशा के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर गत दिनों अंडर-18 जिला स्तरीय टीम की ट्रायल हुई थी और उसके पश्चात यहां पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को अंडर-18 की 15 खिलाड़ी की टीम कप्तान नवनीत सोनी के नेतृत्व में विदिशा के लिए रवाना की गई। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय ने टीम की जीत की कामना की है। गत दिनों एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा ने अंडर-18 टीम के चयन के लिए समिति का गठन किया था।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में विदिशा में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सोमवार को अंडर-18 की जिला स्तरीय टीम को रवाना किया गया। इस मौके पर टीम का कप्तान नवनीत सोनी को बनाया गया है। उनकी अगुवाई में टीम विदिशा में शानदार प्रदर्शन करेंगी। इससे पहले शहर के बीएसआई मैदान टीम का चयन किया गया था और प्रतिदिन दो ग्रुप में बनाकर अभ्यास मैच कराए गए और इसके अलावा सीनियर खिलाड़ियों ने टीम के चयनीत खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत किया है। टीम के कोच के रूप में अक्षय दुबाने और मैनेजर मदन कुशवाहा रवाना हुए है। टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बधाई दी।



### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

सीहोर। निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं।

## कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों को लैपल पिन लगाकर मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कलेक्टर ने की सभी से सहयोग राशि देने की अपील**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर बालागुरू के. सहित सभी अधिकारियों को जिला कल्याण बोर्ड के संयोजक सूबेदार हरिनारायण सहित अन्य पूर्व सैनिकों ने लैपल पिन लगाकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया और सहयोग राशि प्राप्त की।

इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि भारतीय सैनिक कठिन परिस्थितियों में हर समय देश की सीमा की रक्षा करते हैं। देश के भीतर भी सैनिक अपनी अमूल्य सेवाओं के द्वारा बाढ़, भूकंप, तूफान तथा प्राकृतिक विपदाओं के समय सहायता करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब भी भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग देकर सेना की त्याग और सेवा की उत्कृष्ट परंपरा के सहयोगी बनने के लिए गौरव का अनुभव कर सकते हैं।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में एकत्रित राशि शहीद सैनिकों के आश्रितों, दिव्यांग तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में उपयोग होती है। उन्होंने सभी से झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में दान करने की अपील की। उन्होंने झंडा दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह दिवस शहीद सैनिकों के सम्मान में उनके परिवारजनों को आर्थिक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। प्रतीक चिह्नों के प्रतिफल स्वरूप प्राप्त दान राशि शहीद सैनिकों की विधवाओं के इलाज एवं उनके बच्चों की शिक्षा, विवाह आदि के लिए आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जाती है।

## पंचायत उप निर्वाचन के तहत बिना पूर्वानुमति लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित

सीहोर। राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इसके तहत जिले की विभिन्न जनपदों की 9 पंचायतों में उपचुनाव होंगे, जिनमें पंच के आठ पद और सरपंच का एक पद रिक्त है। उपचुनाव होने वाली ग्राम पंचायतों में सीहोर जनपद की बिजलोन, धबोटी और भोजनगर शामिल हैं। आष्टा जनपद की भानाखेड़ी, डूका, झरखेड़ी, जताखेड़ा एवं लसुडिया हटेसिंग में भी उप निर्वाचन होगा। वहीं इछावर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बोरदीकलां में भी चुनाव कराया जाएगा।

### पांच को आएंगे परिणाम

जारी कार्यक्रम अनुसार सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से की जाने वाली मतों की गणना 02 जनवरी को की जाएगी। सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए मों का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा और जिला पंचायत सदस्य पद के लिये मों का विकासखण्ड स्तरीय सारणीकरण 02 जनवरी को होगा। पंच पद की मतदान केन्द्र पर की गई मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा और पंच पद की विकासखण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना, सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 05 जनवरी को होगी। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतों का जिला मुख्यालय पर सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा भी 05 जनवरी को होगी।

**रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त** : कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरु के. ने जिले की सीहोर, आष्टा और इछावर जनपद पंचायतों में उप निर्वाचन के लिए तहसीलदार को रिटर्निंग ऑफिसर एवं नायब तहसीलदारों को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया है।

## एनसीसी सेकंड ऑफिसर बने दिनेश मेवाड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के एतिहासिक एवं प्रसिद्ध शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर में एनसीसी अधिकारी के पद पर पदस्थ दिनेश मेवाड़ा एनसीसी ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी कामठी (नागपुर) महाराष्ट्र में रहकर 6 नवम्बर से 05 दिसंबर तक आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में एक महीने की कठोर मिलिट्री ट्रेनिंग सफलता पूर्वक पूर्ण करने के पश्चात एनसीसी सेकंड ऑफिसर बने। मेवाड़ा ने इस दौरान अकादमिक गतिविधयों के साथ-साथ जमीनी कौशल और युद्ध कौशल, मानचित्र पठन, हथियार चलाने का प्रशिक्षण एवं शारीरिक प्रशिक्षण में सहभागिता करते हुए समस्त परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिणाम स्वरूप मेवाड़ा को एनसीसी अधिकारी के रूप मे प्रमोशन मिलने से सेकंड आफिसर की रैंक मिली। एनसीसी अधिकारी मेवाड़ा ने बताया कि उन्होने एनसीसी ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी कामठी (नागपुर) महाराष्ट्र की राणा प्रताप कंपनी का प्रतिनिधित्व किया और कंपनी कमांडर तथा कंपनी के कुशल इंस्ट्रक्टर्स के मार्गदर्शन में विभिन्न एनसीसी गतिविधियों से एकता और अनुशासन तथा टीमवर्क जो एनसीसी प्रशिक्षण के मूल सिद्धांतों को दर्शाता है के साथ ही फिटनेस और स्वस्थ जीवन के महत्व और एनसीसी प्रशिक्षण से प्राप्त विभिन्न कौशल को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने की प्रेरणा मिलती है। मेवाड़ा की इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य सुनीता जैन, उत्कृष्ट विद्यालय परिवार, स्नेही जनों, वरिष्ठ सामाजिक जनों, उनके मित्र वर्ग एवं समस्त एनसीसी कैडेट्स ने हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की।

ठंड के तेवर नहीं पड़ रहे नरम, अलाव का ले रहे लोग सहारा

## न्यूनतम तापमान लगातार 1 दिसंबर से अब तक 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो लगातार दस डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

मौसम विभाग के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी हो रही है। इससे सर्द हवाएं मध्य प्रदेश की ओर आ रही हैं, जिसके चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। डॉ. तोमर ने यह भी बताया कि अभी 'मावठे' (शीतकालीन वर्षा) की संभावना है, जिसके बाद न्यूनतम तापमान में और भी गिरावट आ सकती है।



सीहोर जिले में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। 1 दिसंबर को 8.5 डिग्री, 2 दिसंबर को 9 डिग्री, 3 दिसंबर को 8.5 डिग्री, 4 दिसंबर को 9.5 डिग्री, 5 दिसंबर को 7.5 डिग्री, 6 दिसंबर को 5.3 डिग्री, 7 दिसंबर को 5.3 डिग्री और 8 दिसंबर को 6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि सीहोर जिले में लगभग एक माह पहले ठंड ने दस्तक दी थी। तब से न्यूनतम तापमान लगातार गिर रहा है और अब लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास होने लगा है।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**



## नाबालिग बालिका को बरामद कर आरोपी को जेल भेजा

**रेहटी।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में गुम हो रहे नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु दिये गये निर्देशों के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत, एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया है। फरियादी ने रेहटीथाना आकर सूचना दिया कि विगत दिन की रात्रि को मेरी नाबालिक लडकी उम्र 16 साल 7 माह को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना रेहटी मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एक टीम उनि सुशील पाण्डेय के नेतृत्व में गठित की। उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना और सायबर सेल की मदद से आरोपी नितिन कहार के कब्जे से नाबालिक बालिका को थाना कोतवाली जिला हरदा से दस्तयाब कर परिवारजनों को सुपुर्द किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### सड़क की पटरी पर गाड़ दिए बिजली के पोल, दुर्घटनाओं का बना खतरा

# मिट्टी के सहारे खड़े किए जा रहे पोल, आंधी तूफान या बारिश में खंभे गिरने की आशंका

### बिजली लाइन बिछाने में कंपनी कर रही नियमों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

विद्युत वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए बिजली कंपनी दीवड़िया डीसी क्षेत्र में 11 केवी की लाइन बिछा रही है। लेकिन इसमें ठेकेदार द्वारा कई अनियमितताएं बरती जा रही हैं। हालात यह है कि बिना अनुमति के सड़क किनारे पटरी पर बिजली के खंभे गाड़े जा रहे हैं। जिससे यातायात में बाधा एवं दुर्घटनाओं का खतरा मंडरा रहा है। वहीं नियमों की अनदेखी कर खंभों को तय मानक जैसे 5 फुट गहरा गड्ढा, पत्थर की प्लेट, सीमेंट - कांक्रीट से भरने के बजाय मिट्टी के सहारे खड़े कर दिए गए हैं। इसके चलते आंधी-तूफान या बारिश में इन खंबों के गिरने की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से उक्त कार्य को गुणवत्तायुक्त और निर्धारित मानक अनुसार करवाने की मांग की है।

दीवड़िया डीसी अंतर्गत दीवड़िया से झालकी तक करीब 10 किमी लंबाई में बिजली लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। यह लाईन दीवड़िया से हिम्मतपुरा, उमरखाल होते हुए झालकी पहुंचेगी । लेकिन इस कार्य में ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति सड़क के बेहद नजदीक खंबे गाड़ना और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का गंभीर मामला सामने आया है। इसमें ठेकेदार ने पीएमजीएसवाई की एनओसी ली है और न ही सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। दीवड़िया - उमरखाल जोड़ के बीच ठेकेदार ने कई बिजली के खंभे सड़क की पटरी पर तय दूरी से बेहद करीब गाड दिये हैं, जिससे आवागमन के दौरान हादसों का खतरा मंडरा रहा है। साथ ही नियमों की अनदेखी कर खंभों को तय मानक जैसे 5 फुट गहरा गड्ढा, पत्थर की प्लेट , सीमेंट - कांक्रीट से भरने के बजाय मिट्टी के सहारे खड़े किए जा रहे है। इसके चलते आंधी-तूफान या बारिश में खंभे गिरने की आशंका जताई जा रही है । प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना प्रबंधन और विद्युत विभाग के बीच तालमेल की कमी से आमजन की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है।

यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यह लापरवाही भारी हादसे का कारण बन सकती है। लोगों का कहना है कि सड़क की पटरी पर बिजली के पोल गाड़ने से यातायात में बाधा, दुर्घटनाओं का खतरा और सुरक्षा संबंधी गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं, साथ ही यह लगाएं गए खंबे तय मानकों के अनुसार नहीं गाड़े गये है, जिससे यह आंधी-तूफान या बारिश में गिरने की आशंका बनी रही है। बिना अनुमति व सही तालमेल के सड़क के नजदीक या पटरी पर बिजली पोल खड़े किए जा रहे हैं, जिससे लाखों के विकास कार्यों पर सवाल उठने के साथ ही जनता को परेशान होना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सड़क के मध्य से न्यूनतम 6.5 मीटर की परिधि में कोई भी निर्माण या ढांचा नहीं लगाया जा सकता, लेकिन विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इन निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है।





#### क्या बोले ग्रामीण...

गांव दुदलई के सुरेश जाट, आर्या के विरेन्द्र सिंह, राकेश ठाकुर ने बताया कि बिजली कंपनी मनमाने ढंग से बिजली लाइन बिछाने का कार्य कर रही है। सड़क की पटरी पर खंबे गाड़े जा रहे हैं, जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। दीवड़िया से हिम्मतपुरा तक की सड़क पर कई 'ब्लैक स्पॉट' पहले से ही चिन्हित हैं, जहां पहले गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अब इन स्थानों पर बिजली के खंभे लग जाने से स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। क्षेत्र के लोगों में इस पूरे घटनाक्रम को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि सरकारी विभागों के इस प्रकार के असंवेदनशील रवैये से न केवल आम जन की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है, बल्कि जनता के टेक्स के लाखों की राशि का खुलेआम बंदरबांट किया जा रहा है। लोगों ने मांग की है कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

#### बिजली कंपनी को लिखा है पत्र

सड़क से कम से कम 6.5 फीट की दूरी में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रतिबंधित है। इस संबंध में बिजली कंपनी को पत्र लिखकर उक्त परिधि में पोल न गाड़ने को कहा गया है।

**महेश गोयल, उपयंत्री पीएमजीएसवाई**

#### जांच कराई जाएगी

यदि ठेकेदार ने बिजली पोल सड़क के नजदीक या पटरी पर गाड़ दिए हैं तथा कार्य निर्धारित मापदण्ड अनुसार नहीं किया जा रहा है तो जांच कर उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**विजय कुमार उइके, बिजली कंपनी**

## रेड रिबन क्लब ने एड्स जागरुकता रैली और मानव श्रृंखला बनाकर किया लोगों को जागरूक

**रेहटी।** शासकीय महाविद्यालय रेहटी के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एड्स जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजलि गढ़वाल के संरक्षण में महाविद्यालय परिसर से लेकर रेहटी बस स्टैंड तथा बाजार में किया गया रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पुनीत कुमार मालवी के निर्देशन में इस रैली का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को एडस के प्रति जागरूक करना है। रेहटी के हनुमान चौक पर पहुंचकर विद्यार्थियों के द्वारा मानव श्रृंखला रेड रिबन चिन्ह बनाकर एड्स जागरूकता का संदेश 'डरना नहीं समझना होगा एड्स को दूर भगाना होगा' लोगों को दिया। इस अवसर पर डॉ दीपक रजने डॉ सुरेश सोलंकी डॉ मनमोहन द्विवेदी राजाराम रावते डॉ मंजुलता नागरे दीपक जाटव मेघदूत शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, बायरल बुखार के नियंत्रण के लिए समयिक सलाह

**सीहोर।** जिले में संभावित रोग मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आसपास संपूर्ण साफ-सफाई की व्यवस्था के उपाय किए जाएं। मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया ओर बायरल बुखार जेसे रोगो के फैलने की संभावना होती है इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। आमजन अपने परिसर के आस-पास पानी एकत्रित होने वाली सभी अनुपयोगी वस्तुऐं जैसे टीन के डब्बे, कोंच, प्लास्टिक की बोतल, नारियल के खोल, पुराने टायर, इत्यादि का विनिष्टिकरण। कही पर पानी एकत्रित है तो उसकी तत्काल निकासी की व्यवस्था की जाए। पानी की निकासी संभव न हो वहां मिट्टी का तेल, या जले हुए ऑयल का छिड़काव किया जाए। निस्तारित पानी संग्रहित करने वाले टंकी, बालटी, टब, आदि सभी को ढंक कर रखना। मच्छर रोधी क्वाइल या लिक्विड अथवा इलेक्ट्रिक रैकेट का इस्तेमाल किया जाने तथा खिडकी दरवाजों पर मच्छर रोधी जाली लगवाना।

## दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ति ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है।

# नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन कार्य में तेजी लाएं राजस्व वसूली भी बढ़ाएं : कलेक्टर बालागुरु के.

### सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की, प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराई जाएं।



बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्वाचन कार्य की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए ईआरओ एवं एईआरओ को निर्देशित किया कि वे मतदाता सूची का बारीकी से निरीक्षण कर लें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे, इसके लिए नाम, पता, उम्र, फोटो सहित सभी प्रविष्टियों का सावधानीपूर्वक मिलान किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि त्रुटिरहित एवं शुद्ध मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है, इसलिए प्रकाशन से पहले हर प्रविष्टि का सूक्ष्म सत्यापन आवश्यक है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ यह कार्य करते हुए त्रृटि रहित मतदाता सूची का प्रकाशन सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**भावांतर योजना के तहत सोयाबीन खरीदी पर कड़ी निगरानी के निर्देश :** कलेक्टर बालागुरू के. ने भावान्तर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने हेतु मंडियों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मंडी में सोयाबीन की आवक पर निरंतर नजर रखी जाए, ताकि कोई अपात्र किसान या व्यापारी अपनी सोयाबीन की बिक्री न कर सके। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदारों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से मंडियों का निरीक्षण करें। सोयाबीन खरीदी की मॉनिटरिंग के साथ-साथ व्यापारियों के स्टॉक की जांच भी सुनिश्चित की जाए, जिससे अनियमितताओं की कोई संभावना न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारी खरीदी के बाद तुरंत माल का उठाव करें, ताकि मंडियों में अनावश्यक भीड़ या माल का जमाव न हो।

कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी बिना अनुमति कॉलोनी विकसित करने या निर्माण कार्य करने की गतिविधि पाई जाए तो तत्काल रोक लगाई जाए और संबंधितों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने कहा कि अवैध कॉलोनियों से आमजन को मूलभूत सुविधाओं का अभाव होता है और भविष्य में अनेक समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। इसलिए राजस्व अमला सतर्क रहते हुए नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण करे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को दे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अवैध निर्माण या कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले में सुव्यवस्थित और नियमानुसार विकास को बढ़ावा मिल सके।

बैठक में राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे मूलभूत राजस्व कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के लंबित रहने से आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि राजस्व वसूली में तेजी लाई जाए। उन्होंने तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और राजस्व अमले को लक्ष्य आधारित कार्य करने, बकायेदारों से नियमित संपर्क रखने तथा आवश्यकतानुसार नियमों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### नरवाई जलाने पर रोक लगाएं, किसानों को जागरूक करें

कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है, मिट्टी की उर्वरता घटती है और वायु प्रदूषण भी बढ़ता है। इसलिए कृषि, राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारी किसानों को इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। कलेक्टर ने बैठक में यह भी कहा कि यदि जागरूकता के बावजूद कोई किसान नरवाई जलाता है तो नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए आधुनिक मशीनरी एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुँचाई जाए, ताकि वे नरवाई को जलाने की बजाय उसका उपयोग अन्य कृषि कार्यों में कर सकें।

### द ऑक्सफोर्ड स्कूल के छात्रों ने दी सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति

# होमगार्ड्स व नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह में विद्यार्थियों का सराहनीय प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन सीहोर स्थित होमगार्ड्स लाइन में कलेक्टर बालागुरू के. के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. तथा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने परेड की सलामी ली।

समारोह का प्रमुख आकर्षण दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर के बैंड दल ने परेड का नेतृत्व (लीड) किया, जिसने अपने अनुशासन, तालमेल और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान दि ऑक्सफोर्ड स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। बैंड और नृत्य दल के शानदार प्रदर्शन की माननीय कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशंसा करते हुए बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

विद्यालय के चेयरमैन एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन तथा सभी शिक्षकों ने छात्रों को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दिव्यांग कल्याण और विकास परिषद सीहोर के सदस्यों के साथ खड़ी है हमारी सरकार : नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

**सीहोर।** दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद सीहोर द्वारा पीजी कॉलेज में मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांगों की वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के उप संचालक महेश यादव, डॉ. हरिओम गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम में आष्टा, भैरुंदा, श्यामपुर, दोराहा, बुधनी, भोपाल क्षेत्र से बड़ी संख्या में दिव्यांग मौजूद रहे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने कहा कि दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद सीहोर अच्छा कार्य कर रहा है।

नगर पालिका द्वारा सीहोर में कई जगह पर मार्केट बनाए जा रहे है उसमें दिव्यांगजन भी ऑनलाइन आवेदन कर दुकान प्राप्त कर सकते है। वहीं संगठन की जिला प्रबंधक उमा चौरसिया ने संगठन के लिए कार्यालय संचालित करने का नपा अध्यक्ष से आग्रह किया जिस पर उन्होंने कहा कि आप मुझे आवेदन दीजिए आपकी सभी मांगें पूरी होगी। वहीं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दिव्यांगों के साथ खड़ी है। मैं आपके भाई जैसा हूं जब भी आप कॉल करेंगे मैं हाजिर होऊंगा। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद आलोक शर्मा भी दो बार आपसे मिलने सीहोर आए थे और उनसे जो भी सहयोग हुआ उन्होंने किया। कार्यक्रम को महेश यादव ने भी संबोधित किया।



इस दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्रवण वास्तवार, उपाध्यक्ष हुकूम सिंह प्रदेश प्रभारी कमलेश राठौर, मीडिया प्रभारी नरेश मेवाड़ा, जिला अध्यक्ष सुखवेंद्र सिंह दांगी, अर्जुन सिंह कलेशरिया, भोपाल जिलाध्यक्ष, गुलाब मेवाड़ा मौजूद थे। बताया गया कि कार्यक्रम की तैयारी जिला प्रबंधक उमा चौरसिया, प्रदेश अध्यक्ष, नरेश मेवाड़ा जया, मुकेश यादव कई दिनों से कर रहे थे।

**इन्हें मिला पुरस्कार :** मेंहदी प्रतियोगिता में मेमुना को प्रथम पुरस्कार, द्वितीय जया खनूजा, गायन में चिंता मेवाड़ा प्रथम स्थान पर रही। मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया पर डांस करने पर जैनव को प्रथम पुरस्कार अतिथियों द्वारा दिया गया। डूडा अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। महेश यादव ने कहा कि जो दिव्यांग व्यक्ति पढन्ना चाहते है उसे हमारे विभाग द्वारा विदेश पढ़ाई के लिए भी राशि दी जाती है एवं जो महिलाएं रोजगार के अवसर ढूंढ रही है वो गुरप बनाकर कोई रोजगार करना चाहे तो सामाजिक न्याय विभाग आपकी मदद करेगा।

### छोटी पुलिया के पिलरों में तरांपे न लगाने से बहकर निकल रहा पानी

# अजनार जैसे गंदे और सूखे स्वरूप में पहुंचने लगी जीवनदायिनी नेवज



**इनका कहना है...**

अगले एक-दो दिन में ही हम नेवज की छोटी पुलिया के पिलरों के बीच तरांपे लगवाना चालू करवा देंगे ताकि पानी का बहाव रुक जाए। इसके साथ ही विसर्जन कुंड की सफाई भी करवा दी जाएगी।

**जीतेंद्र विजयवर्गीय, सब-इंजीनियर, जल शाखा, नपा राजगढ़**

विसर्जन कुंड की हालत भी बदहाल, उठ रही दुर्गंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ नगर की जीवनदायिनी नेवज नदी भी अब प्रशासनिक अनदेखी के चलते ब्यावरा की अजनार के मानिंद होती जा रही है। आलम यह है कि अक्टूबर, नवंबर महीने में नेवज नदी पूरी तरह भरी हुई एवं कल-कल बहती रहती थी लेकिन वर्तमान स्थिति में नदी उथली होकर कहीं-कहीं तो पटपड़े तक नजर आना शुरू हो चुके हैं। नेवज नदी की छोटी पुलिया के गेटों/पिलर में नगर पालिका द्वारा हर साल अक्टूबर के अंत में तरांपे लगवा दिए जाते थे ताकि पानी बहकर आगे न जाए लेकिन इस साल अभी तक गेटों में तरांपे नहीं लगवाए गए हैं। यही कारण है कि नदी का पूरा पानी बहकर आगे जा रहा है और नेवज धीरे-धीरे सूखती जा रही है।

### जैकवेल के समीप भी हो रही पानी की कमी

नगर पालिका का सबसे पुराना जैकवेल भी छारबाग के यहां लगा हुआ है। इसी जैकवेल से नदी का पानी खींचकर फिल्टेशन प्रक्रिया उपरान्त घरों में सप्लाई किया जाता है। लेकिन, जैकवेल के समीप भी धीरे-धीरे नदी का जल-स्तर अब कम होता जा रहा है। यदि स्थिति यही रही तो आने वाले दिनों में नगर में जल संकट पैदा होने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

### गंदगी से लबरेज होकर बदबू मार रहा विसर्जन कुंड

नेवज नदी की छोटी पुलिया के समीप ही स्थित विसर्जन कुंड की पूरी तरह से सफाई न करवाए जाने से उसकी हालत भी बद से बदतर होती जा रही है। विसर्जन कुंड में पड़ी गंदगी, कचरा आदि से निकलने वाली दुर्गंध से आसपास से निकलने वाले लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से मांग की है कि विसर्जन कुंड की प्रॉपर तरीके से सफाई करवा दी जाए।

### नदी में ही धोए जा रहे कपड़े और वाहन

नगर पालिका ने नेवज नदी में कपड़े एवं वाहन आदि धोने के संबंध में पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद ग्रामीणों सहित अन्य द्वारा प्रतिदिन सर्फ, साबुन इत्यादि से नदी में ही कपड़े आदि धोते देखा जा रहा है। इसके साथ ही कई बार अनेकों वाहन मालिक भी नदी के बीच अपना वाहन खड़ा कर उसे धोते नजर आ रहे हैं।

### पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया

# निकटतम प्रतिद्वंदी को 8 वोट से हराकर राजगढ़ सदर बने अनवर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

दफ्तर अंजुमन इस्लाम कमेटी राजगढ़ द्वारा रविवार को पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से राजगढ़ शहर सदर का चुनाव संपन्न करवाया गया। शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से हुए चुनाव में अनवर खान उर्फ मोनु निवासी पुरा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 8 वोटों से हराकर चुनाव जीत लिया। स्थानीय पुरा क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद में रविवार हुए चुनाव के लिए बाकायदा एक 12 सदस्यीय चुनाव कमेटी बनाई गई थी जिन्होंने संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई। चुनाव अधिकारी शहर काजी सैयद नाजिम अली एवं सहायक चुनाव अधिकारी मोहम्मद असलम ने बताया कि सदर बनने कुल पांच प्रत्याशी मैदान में थे। राजगढ़ की 13 मस्जिदों के 248 सदस्यों ने अपने चुनिंदा प्रत्याशी को वोट डाले। इनमें अनवर खान उर्फ मोनू ने 92 वोट प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी अनवर उर्फ राजा को 8 मतों से पराजित कर दिया।

### तीन साल के लिए बनाए गए हैं सदर

चुनाव कमेटी के प्रभारियों ने बताया कि सदर का चुनाव तीन साल में एक बार होता है। निवार्चित हुए सदर अनवर अपनी कार्यकारिणी बनाएंगे। मतगणना उपरान्त आधिकारिक रूप से विजय घोषित होने पर सदर अनवर ने उपस्थितों का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि वे यह जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएंगे एवं सभी के सहयोग से कौम के लिए बेहतर से बेहतर काम उनके द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही इमामों की तनख्वाह बढ़ाने को लेकर भी उन्होंने अपनी बात रखी।

**किस प्रत्याशी को कितने मत मिले**

| प्रत्याशी का नाम | प्राप्त मत |
| --- | --- |
| अनवर खान उर्फ मोनू | 92 |
| अनवर उर्फ राजा | 84 |
| आबिद हसन | 51 |
| रशीद शेख | 16 |
| अरशद अख्तर | 04 |
| निरस्त | 01 |

# राज्य शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

**जीरापुर।** राज्य शिक्षक संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक संवर्ग की समस्याओं का निराकरण करने की मांग रखी गई। ज्ञापन में उल्लेख किया कि राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति 1 जुलाई 2018 से की गई लेकिन नियुक्ति दिन के बाद से आज दिनांक तक अध्यापक संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है ऐसे में नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता नहीं मिलने से अनेक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। अतः अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाए। जबकि शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय जाकर अपने कार्य का निर्माण करते हैं जिसके परिणाम प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शासकीय विद्यालयों के बच्चे अपना स्थान बना रहे हैं इसलिए नियमित उपस्थिति के लिए अव्यवहारिक ई. अटेंडेंस व्यवस्था को भी बंद किया जाए। जहां पर राजेश गुप्ता ब्लाक अध्यक्ष ईश्वरसिंह परमार ,रामबाबू वर्मा ,भगवान गुजराती,श्याम वर्मा, रमेश पवार, गिरिराज शर्मा, कमल राठौर, रामबाबू कुम्भकार, लीला शर्मा सहित अनेकों शिक्षक शिक्षिकाओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

# गादिया स्कूल के पास जुआ अड्डे पर पुलिस की दबिश, 9 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

जिले में जुआ, सट्टा व अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देश पर नरसिंहगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। मध्यरात्रि को ग्राम किशोरपुरा स्थित गादिया स्कूल के पास गोविंद कुशवाहा की टपरी में चल रहे जुए पर दबिश देते हुए पुलिस ने 9 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे एवं एसडीओपी मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में की गई। मौके से 8210 रुपये नगद, 2 मोटरसाइकिल, 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन सहित 183210 रुपये का मशरूका बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गिरफ्तार आरोपी

गरु लोहपीटा (संजय नगर), विष्णु सोधिया (कुंडीखेड़ा), भोला कुशवाहा (गादिया), सीताराम जोशी (किशोरपुरा), मोहन (नरसिंहगढ़), आनंद कुशवाहा (शंकरपुरा), अनिकेत वर्मा (चारपुरा), अजय वर्मा (बलबटपुरा) तथा गोविंद कुशवाहा (किशोरपुरा) शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ प्रधान आरक्षक सूरज चांवरिया, आरक्षक धर्मेंद्र रघुवंशी, सुनील मीणा, जगन यादव, राघवेंद्र शर्मा और रजनीश मीणा शामिल रहे।

# कुएं में डूबने से बालिका की मौत



**जीरापुर।** सुसनेर-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग के समीप स्थित ग्राम गोवर्धनपुरा में मंगलवार को एक हादसा घटित हो गया। गांव की 15 वर्षीय बालिका मुस्कान वर्मा, पिता बजरंगलाल वर्मा, अचानक कुएं में गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने डायल 112 पर कॉल कर बचाव दल को बुलाया। आरक्षक राजेंद्र शर्मा एवं पायलट मोहन मेवाड़े मौके पर पहुंचे और बालिका को 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### स्वामी विवेकानंद स्कूल में पंचतत्व थीम पर आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव

# सालाना जलसे में नजर आया संस्कृति संस्कार और भक्ति का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नगर के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार रात्रि 'पंचतत्व' थीम पर सालाना वार्षिकोत्सव का भव्यतम आयोजन किया गया। सैकड़ों अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुए इस जलसे में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दी गई एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। दीप-प्रज्वलन करते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके उपरान्त स्कूल के मेघावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत किया गया। शाला प्राचार्य प्राचार्य अमित साहा ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए स्कूल से अध्ययन उपरान्त अब जीवन में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर चुके विद्यार्थियों का जिक्र किया। भव्यतम आयोजन में संगीत, सामुहिक नृत्य, नाटक व अन्य प्रस्तुतियों में देश की सांस्कृतिक विविधता, पौराणिक व गौरवशाली इतिहास, देश भक्ति, पर्यावरण जागरूकता, भक्ति और भारतीय संस्कृति, संस्कारों की झलक देखने मिले। विभिन्न प्रस्तुतियों में भारतीय दर्शन में बताए पंचतत्वों के विविध पहलुओं को बच्चों ने प्रस्तुत किया।

## गौमाता के छप्पन भोग व संकीर्तन यात्रा का हुआ आयोजन



**राजगढ़।** बड़ा सत्यनारायण मंदिर उत्सव समिति एवं नवयुवक गौसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गौमाता के छप्पन भोग एवं संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। भक्ति के साथ ही गौपालन के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्धेश्य से यह यात्रा निकाली गई। रविवार दोपहर सत्यनारायण भगवान मंदिर से आरंभ हुई संकीर्तन यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बमबम आश्रम गौशाला पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में नगर के कई श्रृद्धालु भक्तगण शामिल हुए। इसके साथ ही गौमाता के लिए छप्पन भोग का आयोजन भी श्रृद्धा और उत्साह के साथ किया गया जिसमें कई श्रृद्धालुओं ने सहयोग प्रदान किया। आयोजन समिति सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में गौ-संरक्षण, सेवा और भारतीय परंपराओं को जीवंत रखने का सशक्त माध्यम हैं।


### कलकत्ता की सुप्रसिद्ध भजन गायक श्वेता कौशिक देंगी भजनों की प्रस्तुति

# 9 दिसंबर को होगा खाटू धाम पर 13 वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन



**खुजनेर।** खुजनेर में मालवा के खाटू धाम के नाम से जाने वाले खाटू धाम पर 9 दिसंबर के दिन बाबा श्याम की स्थापना की गई थी। मंगलवार को 13 वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें बाबा श्याम को छप्पन भोग व अलौकिक दरबार सजाया जाएगा। जिसमें कलकत्ता के सुप्रसिद्ध गायक श्वेता कौशिक देवराज सेन ओमप्रकाश शर्मा खुजनेर धाम द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं मंदिर समिति ने बताया कि 9 दिसंबर 2012 में बाबा खाटू श्याम यह विराजित हुए थे। खुजनेर धाम मालवा के खाटू धाम के नाम से पूरे मध्यप्रदेश में प्रसिद्ध है यह मनोकामनाएं पूर्ण के लिए नारियल बांधे जाते हैं आने वाले भक्तजनों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है हर एकादशी पर मेला स्वरूप दृश्य रहता है दूर दूर से भक्तजन पैदल निशान लेकर पहुंचते हैं हर दिन मंदिर समय अनुसार खुलता हे बड़ी संख्या में भक्तजन दर्शन को पहुंचते हैं मंदिर प्रांगण में भक्तों के लिए सेवा हेतु विश्राम हाल भोजन शाला सुलभ कॉम्लेक्स का निर्माण कार्य भी जारी है।

# पीएम श्री गागोरनी में बैगलैस दिवस मनाया



**जीरापुर।** पीएमश्री विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने शिक्षक अंतिम पुष्पद, अनिल पुष्पद के मार्गदर्शन में मांडना कला का प्रदर्शन किया। तथा खेल प्रतियोगिताओं में रस्सा खींच, लघु रिले दौड़ और कुर्सी दौड़ का भी आयोजन हुआ। स्टाफ विजय सिंह चौधरी, अजय गुप्ता ओम गुप्ता, ईश्वर सिंह तोमर, नितेश शर्मा, कमल, सुनीता, रंजना के सहयोग से मेंहदी और सुंदर चोटी प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुई। अंत में विज्ञान शिक्षक भगवान सिंह मालवीय ने रोचक तरीके से जादू नही विज्ञान है कार्यक्रम के द्वारा सभी को अंधविश्वास से बचने की सलाह दी। बैगलैस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रमेश चंद्र दांगी और प्रधानाध्यापक रामचंद्र मालवीय ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।

# मलावर में डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर संविधान बचाने की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मलावर नगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गादिया द्वारा मलावर एव आगर मंडल की संयुक्त बैठक का आयोजन शनिवार शाम को मुख्य बाजार में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रभारी सचिन गिरी, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल बना शामिल हुए। बैठक का मुख्य उपदेश घर-घर और हर चौपाल पर संविधान के महत्व की जानकारी पहुंचना उद्देशय था। इसमे अभियान को जन-जन तक ले जाने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के प्रारंभ में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि मनाई गई। बैठक में मंडलम अध्यक्ष मोहन यादव आगर मंडलम अध्यक्ष राजकुमार जाट, सरपंच रोड़सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश दांगी, केपी बना, मोहन जाट, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष चंदरसिंह गुर्जर, एनएसयूआहेमराज मेहर आदि बड़ी संख्या में आमजन और कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

# शौर्य दिवस पर विहिप-बजरंग दल ने आरती का आयोजन किया



**सारंगपुर।** शौर्य दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल नगर सारंगपुर के संयुक्त तत्वावधान में संकट मोचन हनुमान मंदिर में भारत माता एवं भगवान श्रीराम की आरती का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने सहभागिता कर वातावरण को भक्तिमय एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम भगवान श्रीराम की आरती की गई, जिसके बाद भारत माता की आरती सम्पन्न हुई। आरती के समय जयकारों और भजनों से मंदिर परिसर गूंज उठा, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का संचार हुआ। भारत माता की आरती के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने शौर्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राम मंदिर आंदोलन के दौरान दिए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वक्ताओं ने कहा कि शौर्य दिवस हमें हमारे गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और त्यागदृबलिदान की याद दिलाता है। यह दिन समाज को अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति सजग रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके संरक्षण के लिए एकजुट होकर खड़े होने की प्रेरणा देता है।

### नदी और नालों से रेत माफिया बोट डालकर कर रहे रेत का अवैध उत्खनन

# सारंगपुर में धड़ल्ले से रेत का खनन और खरीद-फरोख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

## नियमों को ताक पर रख रहे माफिया

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों रेत का अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। कालीसिंध नदी क्षेत्र सहित आसपास के गांवों के नालों से रेत माफिया बोट डालकर अवैध उत्खनन कर रहे हैं और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से शहर में धड़ल्ले से रेत की खरीद-फरोख्त की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल प्रशासन और खनिज विभाग की नाक के नीचे चल रहा है, लेकिन अब तक किसी ठोस और प्रभावी कार्रवाई के संकेत नहीं मिल सके हैं। सूत्रों के अनुसार, अवैध रेत का यह नेटवर्क सुबह से लेकर देर रात तक सक्रिय रहता है। दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगातार चक्कर लगाकर रेत को सारंगपुर शहर तक पहुंचा रही हैं, जहां खुलेआम इसका विक्रय किया जा रहा है। सस्ती रेत मिलने से कुछ लोग अवश्य लाभ उठा रहे हैं, लेकिन इसके दुष्परिणाम सरकार को भारी राजस्व हानि और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के खतरे के रूप में भुगतने पड़ रहे हैं।

शहर के विभिन्न स्थानों पर बिना अनुमति रेत उतारी जा रही है। ट्रैक्टर चालकों का कहना है कि वे रेत माफियाओं के निर्देश पर ही परिवहन करते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पूरा अवैध कारोबार सुनियोजित और संगठित तरीके से संचालित हो रहा है।

### सूचना तंत्र की कमजोरी पर सवाल

कागजों में हर गांव-पंचायत और क्षेत्र में मैदानी अमला तैनात है, लेकिन अवैध उत्खनन और परिवहन की सूचनाएं या तो संबंधित विभागों तक पहुंच ही नहीं पा रही हैं या जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। कभी-कभार औपचारिक कार्रवाई होती भी है तो तब तक रेत माफिया मौके से फरार हो जाते हैं। इस कमजोर सूचना तंत्र का सीधा फायदा अवैध कारोबारी उठा रहे हैं।

### पुलिस चौकी के सामने से गुजरते ट्रैक्टर

समीपवर्ती जिले से कोंटा मार्ग पर उकावता पुलिस चौकी बनी हुई है, जिसका उद्देश्य अवैध परिवहन पर रोक लगाना है। बावजूद इसके, चौकी के सामने से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दिन-रात गुजरती रहती हैं। इक्का-दुक्का मामलों को छोड़ दें तो कोई प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई है। इसी प्रकार बड़ोदिया थाना क्षेत्र से भी खुलेआम रेत से भरे ट्रैक्टर सारंगपुर पहुंच रहे हैं।



### जनसुरक्षा और राजस्व को नुकसान

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि बीते छह महीनों में अवैध रेत परिवहन में तेजी आई है। इंदौर नाका सहित प्रमुख सड़कों पर तेज रफ्तार रेत लदे ट्रैक्टरों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। साथ ही सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### रेत धोने का कारोबार भी खुलेआम

सारंगपुर में बाहर से लाई जा रही मिट्टी-युक्त रेत को धोने का कारोबार भी खुलेआम चल रहा है। नदी किनारे रेत से भरे ट्रैक्टर खड़े रहते हैं और शहर में कई स्थानों पर ऐसे ट्रैक्टर बिना किसी डर के खड़े दिखाई देते हैं, मानो उन्हें किसी कार्रवाई का भय ही न हो।

### जिम्मेदारों से नहीं हो सका संपर्क

इस पूरे मामले में जब जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किए। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन और खनिज विभाग से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर तत्काल सख्त कार्रवाई कर इस बेलगाम कारोबार पर अंकुश लगाया जाए। इस संबंध में सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे बोले- रेत खनन पर हवा में बातें मत करो कहां हो रहा है और कहां जा रहा है इसकी पूरी जानकारी मुझे दो।

## खबर संक्षेप

### राजा ठाकुर बने सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज तहसील अध्यक्ष



**जावर।** उज्जैन में सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज की केंद्र कमेटी व्दारा जावर तहसील अध्यक्ष पद के लिए बैठक आयोजित की गई। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह राजा ठाकुर सरपंच कुंडिया नाथू को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। समाज के पर्यवेक्षक के रूप में अमर सिंह राजपूत तालोद, अशोक सिंह,पवन सिंह ठाकुर, राजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान व सभी केन्द्र कमेटी व्दारा मतदान प्रक्रिया के अनुसार निर्वाचन कराया गया। इस अवसर पर सभी केन्द्रीय कमेटी सदस्य व सामाजिक बंधुओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष राजा ठाकुर को बधाई दी।

### भाजपा ने मनाया परिनिर्वाण दिवस

**आष्टा।** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल आष्टा द्वारा विधायक कार्यालय में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। ने बाबा साहब को याद करते हुए विकसित किये पंच तीर्थ की जानकारी सभी को दी, ओर कहा हम सब का दायित्व ओर कर्तव्य है की बाबा साहब ने जो संविधान हमे दिया उसकी हम सब हर कीमत पर रक्षा करेंगेकार्यक्रम में उपस्थिथ नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया ने भी संबोधित किया।

## सिद्धिगंज के श्मशान घाट की हालत हो रही खराब, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# मुक्ति के लिए बने मुक्तिधाम के ये हाल गंदगी, कीचड़ के बीच हो रहा दाह संस्कार

शवयात्रा में शामिल होने वाले लोगों को गंदगी के बीच से गुजरना पड़ता है, आने वाले लोगों को बैठने तक की जगह नहीं है। ग्रामीण विधायक से लेकर कलेक्टर तक से लगा चुके गुहार। लेकिन समस्या का नहीं हो रहा समाधान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



रजत जयंती ग्राम सिद्धि गंज में श्मशान घाट में चारों ओर गंदगी फैली हुई है। श्मशान घाट में जगह-जगह गोबर कचरे के घुड़े बने हुए है। इतना ही नहीं श्मशान घाट में कीचड़ ही कीचड़ हो रहा है। ग्राम सिद्धि गंज में करीब 10 हजार के लगभग आबादी है। ग्राम सिद्धि गंज में मात्र एक ही श्मशान घाट है, ग्राम में अगर किसी की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले जाया जाता है। लेकिन श्मशान घाट की इतनी खराब स्थिति है कि शव यात्रा में आने वाले लोगों को बैठने तक की जगह नहीं है। देखा जाए तो चारों ओर घुंडे बने हुए हैं। क्षेत्र के लोग श्मशान घाट की जमीन पर ही जाकर कूड़ा करकट फेंकते हैं। जिस कारण श्मशान घाट में चारों ओर गंदगी ही गंदगी फैली हुई है।

### श्मशान की जमीन पर ही कर लिया कब्जा

ग्राम पंचायत भी श्मशान घाट की हात सुधारने पर ध्यान नहीं दे रही है। वही कुछ लोगों ने तो श्मशान घाट की जमीन पर भी कब्जा कर रखा है। ग्राम के राजेंद्र धरवा, महेंद्र सिंह, नंदकिशोर बागवान, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह आदि ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि श्मशान घाट मैं इतनी गंदगी हो रही है कि जब किसी का अंतिम संस्कार करने जाते हैं तब वहां पर ग्रामीणों को बैठने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्योंकि श्मशान घाट पर इतनी गंदगी फैली हुई है कि वहां पर बैठा ही नहीं जा सकता।

### गोबर और कचरे के लगे ढेर

कुछ लोगों द्वारा श्मशान घाट की जमीन में गोबर व कचरे के घुड़े लगा दिए गए हैं। जिस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं शासन प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान चलाकर नगर को स्वच्छ बनाने का संदेश देती है। वही ग्राम सिद्धिगंज में देखा जाए तो श्मशान घाट में कभी भी स्वच्छता अभियान नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सिद्धि गंज के श्मशान घाट को स्वच्छ क्यों नहीं बनाया जा रहा वहां पर इतनी गंदगी और कीचड़ क्यों फैला हुआ है। श्मशान घाट की जमीन को अतिक्रमण मुक्त क्यों नहीं किया जा रहा।

### गंदगी करने वालों पर नहीं हो रही कार्रवाई

श्मशान घाट में जो कूड़ा करकट घुडे लगा रहे उन पर क्यों करवाई नहीं की जा रही। ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण श्मशान घाट में चारों ओर गंदगी फैली हुई है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही ग्राम सिद्धि गंज में श्मशान घाट और कब्रिस्तान दोनों एक ही जगह पर स्थित है।

### कब्रिस्तान-श्मशान की एक जैसी हालत

कब्रिस्तान और श्मशान घाट दोनों की एक ही स्थित है दोनों जगह पर गंदगी ही गंदगी फैली हुई है। ग्रामीण कब्रिस्तान एवं श्मशान घाट में गंदगी होने के कारण काफी परेशान है।



ग्रामीणों का कहना है कि हमारे द्वारा कई बार क्षेत्र के विधायक और ग्राम पंचायत के साथ जिला कलेक्टर को कई बार अवगत करा चुके हैं। श्मशान घाट की गंदगी को साफ किया जाए एवं उसका सुंदरीकरण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को गंदगी का सामना न करना पड़े लेकिन इस ओर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है।

### जल्द करवाएंगे सौंदर्यीकरण

मुझे इसकी जानकारी नहीं है, जल्दी दिखा कर अतिक्रमण हटाया जाएगा और जल्दी शमशान घाट का सौंदर्यकरण करवाया जाएगा
**सरजना यादव,** जिला पंचायत सीईओ सीहोर

# क्षेत्र के राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की हुई बैठक

## अब तक हुए कार्यों की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत चल रहे कार्यक्रम के अंतिम चरण में घर घर जांच के दौरान पाए गए मृत, शिफ्ट, अनुपस्थित और रिपीट मतदाताओं की सूची का सत्यापन कराए जाने हेतु बीएलओ और बीएलए की बैठक के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी आष्टा के कार्यालय में किया गया।

बैठक में सभी प्रतिनिधियों को अभी तक हुए कार्य की जानकारी देकर केंद्र वार एएसडीआर मतदाताओं की संख्या वाली सूची प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि अभी भी अगर कोई मतदाता सत्यापन से शेष रह गया है और वह आपकी जानकारी में उपस्थित है तो उसका सत्यापन संबंधित बीएलओ से कराया जा सकता है।

बीएलओ द्वारा सत्यापित किए गए मतदाताओं की सूची बीएलए बैठक में मिलान करने के बाद भी अगर कोई त्रुटि पाई जाती है तो उसे रीवेरीफाई किया जा सकता है। सभी बीएलओ को इस संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जितेंद्र सिंह ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी से धनरूप मल जैन तथा आम आदमी पार्टी से अखिलेश जैन उपस्थित हुए।

### शासकीय कन्या माध्यमिक शाला का किया निरीक्षण



**कोठरी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीहोर के आदेश अनुसार पूजा पेरवाल उच्च माध्यमिक शिक्षक आष्टा ने शासकीय कन्या माध्यमिक शाला कोठरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त प्रकार के अभिलेख, पंजीयन, मध्यान भोजन, शैक्षणिक स्तर देखा जो संतोषजनक पाया गया। अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान समस्त छात्र छात्राएं थे तथा समस्त स्टाफ मौजूद था। प्रधानाध्यापक सुनील भार्गव ने मैडम पूजा पेरवाल को गतिविधियों से अवगत कराते हुए विभिन्न जानकारियां प्रदान की।

# नदी से पानी की अवैध चोरी करने वालों पर नपा ने कार्रवाई कर कई विद्युत मोटरों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगरपालिका द्वारा पार्वती नदी में संग्रहित जल को सुरक्षित रखने के भरसक प्रयास किए जा रहे है। कलेक्टर बाला गुरू के के नवीन निर्देशों एवं अनुविभागीय अधिकारी नितीन टाले के मार्गदर्शन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति द्वारा सर्चिंग दल गठित किया गया है जो दिन और रात में पार्वती नदी के किनारे सटे ग्रामों का नाव के माध्यम से एवं पैदल चलकर सर्चिंग कार्य कर रहे है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि गठित सर्चिंग दल द्वारा अभी तक लगभग एक दर्जन ग्रामीणजन जो अवैध रूप से विद्युत जल मोटर नदी में डालकर आष्टा नगर के लिए संग्रहित व सुरक्षित जल की चोरी कर अपने खेतों की सिंचाई कर रहे थे, ऐसे ग्रामीणजनों पर सख्त कार्यवाही करते हुए सिंचाई कार्य में लिप्त सभी विद्युत जल मोटरों को जप्त किया गया है। सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि पार्वती नदी में संग्रहित जल आष्टा नगरवासियों के लिए सुरक्षित है, ऐसे में नदी में अवैध रूप से ग्रामीणजनों द्वारा विद्युत जल मोटर के माध्यम से पानी की चोरी की जाना अपराध की श्रेणी में आता है।

इस प्रकार का कृत्य करने वालों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही कर जप्त की गई विद्युत जल मोटरों को राजसात कर नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। पार्वती नदी से लगे सभी ग्रामीणजनों से आग्रह है पार्वती नदी में संग्रहित पानी की अवैध रूप से चोरी करना बंद करें। सर्चिंग दल में पंप अटेंडेंट कैलाश बागवान, रमेश यादव, राकेश बागवान, अजय नाथ, कपिल वर्मा, श्याम यादव आदि शामिल थे।

# अगर इच्छा शक्ति और लगन हो तो घर बैठे भी आत्मनिर्भर बनकर बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं: दीपा श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अगर इच्छा शक्ति और लगन हो, तो घर बैठे भी आत्मनिर्भर बनकर बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की जा सकती हैं। उक्त विचार कन्यादान फाउंडेशन महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में कन्यादान फाउंडेशन की बिजनेस हेड दीपा श्रीवास्तव ने व्यक्त करते हुए आगे कहा कि कन्यादान फाउंडेशन एक ऐसी संस्था है जो स्वास्थय शिविर आयोजित कर महिलाओ को कन्यादान फाउंडेशन के मायजो कन्या बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन के माध्यम से बच्चेदानी की कैंसर से बचाव रोकथाम के प्रति जागरूक कर कैंसर जैसी गंभीर जानलेवा बीमारी से बचने के उपाय से अवगत करवाती हैं।

महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती हैं। इसी उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कन्यादान फाउंडेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए लकी ड्रॉ कूपन ऑफर के माध्यम से सीहोर की श्रीमती मंजू गहलोत जी विजेता घोषित हुई हैं। अपने उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के आधार पर उन्होंने यह ऑफर क्वालीफाई किया जिसके अंतर्गत संस्था द्वारा उन्हें होंडा स्कूटी भेंट की गई। स्कूटी कन्यादान फाउंडेशन के संस्थापक ऋषि सरदाना सर द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए भेंट की गई। कन्यादान फाउंडेशनन कार्यक्रम में संस्था की टीम ने उपस्थित होकर मंजू गेहलोत जी को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। संस्था की बिजनेस हेड एवं लीडर्स टीम द्वारा इस कार्यक्रम में उपस्थित बिजनेस हेड दीपा श्रीवास्तव, सीनियर टीम लीडर देवयानी सक्सेना, टीम लीडर सुषमा परमार, टीम लीडर नेहा राजवैध, रुपाली सक्सेना, ट्रैनर प्रिया पाटीदार, सोशल अवेयरनेस निर्मला शर्मा, शिवानी, तोमर, ज्योति मालवीय, बबीता यादव तथा अन्य बहने भी अलग-अलग स्थानों से पहुँचकर कार्यक्रम का हिस्सा बनीं उनके द्वारा भी मंजू जी को बधाई शुभकामनाये प्रेषित की गई।

# प्रदर्शनी के माध्यम से विज्ञान के रहस्यों को किया उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सीएम राइज़ विद्यालय के प्राचार्य व विज्ञान प्रदर्शनी के नोडल अधिकारी सितवत खान ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान लोक शिक्षण संचालनालय निर्देशानुसार शासकीय हाई स्कूल व हायर सेकंडरी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि जागृत करने, उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और विभिन्न चमत्कारिक घटनाओं के पीछे निहित विज्ञान के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन सीएम राइज़ विद्यालय में किया गया। इस प्रदर्शनी में आष्टा विकासखण्ड के कई शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थी विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए प्रेरित होते हैं, उनमें विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ती है और उनमें सृजनात्मकता एवं नवाचार क्षमता का विकास होता है, विद्यार्थियों में समस्या समाधान, कौशल, विकास में सहायता मिलती है और विज्ञान की नई-नई तकनीकों के बारे में विद्यार्थी सीखते है। विज्ञान प्रदर्शनी में पदमा परमार, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. स्मिता नायर, तुलसीराम प्रजापति सेवदा, सुरेश सिंह सिद्धीकगंज ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। विज्ञान प्रदर्शनी के सफल आयोजन में अंत्येश धारवां, असमा खानम, भूपेन्द्र सिंह, जितेन्द्र मेवाड़े, पवन राया, नवीन मौर्य, वीरेन्द्र सिंह, रवि कुमार सोलंकी, शैलेन्द्र मालवीय, जसपाल सिंह, पल्लवी वर्मा, सतीश वर्मा, एसके सिंगारिया आदि का सहयोग रहा।

# नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का सीहोर जिला अध्यक्ष ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्यप्रदेश की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। बैठक में समाज संगठन के विस्तार, आगामी योजनाओं तथा समाजहित में संचालित की जाने वाली गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। सिहोर जिला अध्यक्ष व पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा ने नवनिर्वाचित व निर्विरोध पुनः चयनित प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में योगेश मानसिंह कुशवाहा ने समाज में एकजुटता, शिक्षा के प्रसार, युवाओं की भूमिका तथा राजनीतिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर समाज बंधुओं का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में संरक्षक नारायण सिंह कुशवाहा, तुलसीराम कुशवाह, इंदर सिंह कुशवाह बतौर अतिथि मंचासीन रहे। इस अवसर पर सीहोर जिला के बिजलोन पूर्व सरपंच हेमराज कुशवाहा, नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भगवान सिंह कुशवाहा (ग्राम मानपुरा), आष्टा से राज कुशवाहा, संजय कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा पटेल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम पखनी को विधायक गोपाल इंजीनियर ने दी विकास की सौगात

# विधायक ने पुलिया और सीसी रोड का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बमुलिया खिंची के ग्राम पखनी को आज वर्षो पुरानी समस्या का निराकरण के लिये आज ग्राम पखनी में 15 लाख की लागत से निर्मित पुलिया एवं सीसी रोड का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,जनपद पंचायत आष्टा के अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान ने उपस्तिथ सभी अतिथियों की उपस्तिथि में लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की आष्टा विधानसभा की कोई भी पंचायत,पंचायतों के अंतर्गत आने वाले ग्राम विकास कार्यों में पीछे नही रहेंगे ।

मेरा प्रयास है कि आष्टा विधानसभा क्षेत्र विकास का एक ऐसा मॉडल बने जिसका प्रदेश में उदाहरण दिया जाए। आप सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन में में लगातार प्रयास कर रहा हु । विकास के लिए में पूरी तरह से कृत संकल्पित हूँ। इस अवसर पर ग्राम पहुचने पर सरपंच फुलकुंवर धर्मसिंह वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा विधायक सहित सभी अतिथियों का भव्य स्वागत सम्मान कर मांगो का पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, राधेश्याम दलपति, सतीश सोनानिया, विष्णु परमार, जितेन्द्र सोलंकी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, ग्रामीण उपस्तिथ रहे।

# शिक्षक संघ ने तहसील में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर ब्लॉक मुख्यालय आष्टा पर नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाली एवं ई अटेंडेंस बंद करने हेतु मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसील में रामलाल पगारे को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संघ के यशवंत सिंह ठाकुर, जीवन सिंह ठाकुर, मनीष सारसिया, सवाई सिंह परिहार, बद्री प्रसाद मालवीय, गोपाल सिंह ठाकुर, चरण सिंह मालवीय, तेज सिंह ठाकुर, धन सिंह मकवाना, ज्ञान सिंह चौहान, कल्याण सिंह परमार, मोती सिंह ठाकुर, अकेसिंह ठाकुर, सुशील सोलंकी, कमल सिंह ठाकुर, दीपक सेन, मुबारीक खान, तेज सिंह ठाकुर,सज्जन सिंह तोमर, खुमान सिंह बड़ोलिया, शिवनारायण भटूनिया, सत्यनारायण परमार, विजेंद्र सिंह ठाकुर, बाबूलाल मालवीय सहित कई शिक्षक साथी उपस्थित रहे।